हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025



# महज एक वार्ड में भाजपा पार्षद प्रत्याशी को मिले मधुसूदन से अधिक वोट, निखिल 42 वार्ड में अपनी ही पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों से रहे पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महापौर पद का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर कराया गया। वार्ड के मतदाताओं को पार्षद और महापौर को मिलाकर कुल दो वोट करने थे। शहर में 76 फीसदी यानि लगभग एक लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 51 वार्ड में 155 मतदान केंद्रों के जरिये मतदान कराया गया। ऐतिहासिक 44455 मतों के अंतर के साथ भाजपा के मधुसूदन यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को तो हराया है, बल्कि वे वोट पाने के मामले में अपनी ही पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों से भी काफी आगे रहे।

## निखिल द्विवेदी को कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों से लगभग साढ़े सात हजार मत कम मिले

**खास बातें**

- शहर में 100087 मतदाताओं ने किया मतदान
- अब तक के सबसे बड़े अंतर से मेयर चुनाव जीते मधुसूदन

### अपने 42 पार्षदों से पीछे रहे निखिल



कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी रहे निखिल द्विवेदी को कुल 9 वार्ड में ही कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों से अधिक वोट मिले हैं। इनमें शहर के वार्ड क्रमांक 16, 18, 19, 26, 27, 28, 38, 39 एवं वार्ड क्रमांक 41 शामिल है। उन्हें सर्वाधिक 851 वोट वार्ड क्रमांक 13 गौरीनगर से मिले हैं। वहीं सबसे कम महज 160 वोट वार्ड क्रमांक 19 से मिले हैं। ज्ञात हो कि निखिल द्विवेदी को शहर में कुल 24096 मत हासिल हुए हैं। जबकि कांग्रेस के 51 पार्षद प्रत्याशियों को मिलाकर 31724 वोट जनता ने दिए हैं। कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों में सर्वाधिक 1232 वोट वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद बने हफीज खान को मिले हैं।

### सिर्फ पारस को मधु से अधिक वोट



महापौर मधुसूदन यादव को भाजपा के 50 पार्षद प्रत्याशियों से अधिक वोट उनके वार्ड की जनता ने दिए हैं। महज एक वार्ड क्रमांक 16 में ही पार्षद पारस वर्मा को मधुसूदन यादव से अधिक वोट मिले हैं। पारस को 2458 और मधुसूदन को 2166 लोगों ने इस वार्ड में वोट दिया है। जबकि आंकड़ों पर नजर डाले तो शहर में भाजपा के 51 पार्षद प्रत्याशियों को मिलाकर कुल 52592 वोट मिले। जबकि महापौर मधुसूदन यादव को शहर की जनता ने 68551 वोट दिए हैं। ऐसे में मधुसूदन यादव को पार्षद प्रत्याशियों के मुकाबले 15959 अधिक मतदाताओं ने अपना वोट दिया है। मधुसूदन यादव को सर्वाधिक 2166 वोट वार्ड क्रमांक 16 एवं सबसे कम 598 वोट वार्ड क्रमांक 14 में मिला है।

शहर के 51 वार्ड में महज एक ही वार्ड, वार्ड क्रमांक 16 ऐसा रहा, जहां भाजपा पार्षद प्रत्याशी को महापौर मधुसूदन से अधिक वोट मिले हो, शेष सभी 50 वार्ड में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों से महापौर मधुसूदन को अधिक वोट जानता ने दिए हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी अपने ही पार्टी के 42 पार्षद प्रत्याशी से कम वोट वार्ड में हासिल कर पाए, सिर्फ 9 वार्ड में ही वे कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों से आगे रहे। वहीं मधुसूदन को वार्डवार मिले मत का आंकड़ा देखे तो किसी भी वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी निखिल उनसे अधिक वोट नहीं पा सके। बूथवार आंकड़े देखे तो भी कुल 155 मतदान केंद्र में महज दो ही ऐसे बूथ रहे जहां निखिल को भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन से अधिक लोगों ने वोट किया।

**खबर संक्षेप**

### संभागीय डाक अदालत का आयोजन 20 को

**राजनांदगांव।** अधीक्षक डाकघर संभाग राजनांदगांव द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष सुनवाई कर उनका समाधान करने संभागीय स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। डाक अदालत में डाक सेवाओं से संबंधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं, आरडी/ बचत बैंक/ बचत पत्र, रजिस्ट्री, मनीआर्डर, व्हीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा। डाक विभाग द्वारा ग्राहकों से अनुरोध किया गया है कि यदि उनकी कोई शिकायत है तो वह अपनी शिकायतें प्रकरण के पूर्ण विवरण सहित अधीक्षक डाकघर संभाग राजनांदगांव के नाम 18 फरवरी की शाम 5 बजे तक प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त शिकायतों को इस डाक अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा। डाक संभाग राजनांदगांव द्वारा डाक अदालत का आयोजन गायत्री मंदिर चौक स्थित पोस्ट ऑफिस में अधीक्षक कार्यालय में की जाएगी।

- डाक संबंधी शिकायतों का किया जाएगा समाधान

## राजनांदगांव, मानपुर और छुईखदान ब्लॉक में पहले चरण के तहत कराए गए मतदान, मतगणना भी पूरी

# ग्रामीण सरकार चुनने 80% मतदान, तेज धूप में डटे रहे मतदाता..मनगटा में गलत मतपत्र से करा दिया मतदान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

"गांव की सरकार चुनने के लिए कराए गए मतदान प्रक्रिया के दौरान अफसरों की जमकर लापरवाही सामने आई है। राजनांदगांव जिले के जोरातराई जनपद क्षेत्र के मनगटा गांव में जनपद सदस्य पद के मतदान में वोटरों को गलत मतपत्र बांट दिए गए। लगभग 64 मतदाताओं द्वारा मतदान किए जाने के बाद यह सामने आया कि दूसरे क्षेत्र के मतपत्र बांटे जा रहे हैं। जिसके बाद शिकायत सामने आई और आनन-फानन में सही मतपत्र मतदाताओं को दिए गए। इधर गलती सामने आने के बाद प्रत्याशियों ने भी जमकर नाराजगी जताई।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को पहले चरण का मतदान पूरा कर लिया गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में 12 जिला पंचायत, 64 जनपद, 259 सरपंच और 2060 पंच पदों को लेकर हुए मतदान में ग्रामीण वोटरों ने जमकर उत्साह दिखाया। खासकर महिला मतदाता मतदान करने में पुरूषों से आगे रही। सुबह से बूथ के बाहर वोटरों की लंबी कतारें लग गई थी। भले ही मतदान की अवधि दोपहर तीन बजे तक ही थी, लेकिन मतदाताओं के कतार में होने से अधिकांश गांव में मतदान आधे से पौन घंटे तक अधिक चला।

अविभाजित जिले में लगभग 80 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि अधिकारिक आंकड़े प्रशासन द्वारा आज जारी किए जाएंगे। वहीं मतदान के बाद मतपत्रों की गिनती का काम किया गया। देर शाम तक लगभग सभी ग्राम पंचायत में प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों की संख्या सामने आ गई थी। हालांकि प्रशासन अधिकारिक तौर पर आज संख्या बताएगा। इधर वोटों की गिनती के बाद जीतने वाले प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। देर रात गांवों में मतदान केंद्रें के समीप मेला जैसा माहौल रहा।

**खास बातें**

- एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक में 78 प्रतिशत हुआ मतदान
- राजनांदगांव ब्लॉक में 85 प्रतिशत हुआ मतदान
- खैरागढ़ जिले की छुईखदान ब्लॉक में 62 फीसदी हुआ मतदान

### महिला मतदाताओं में दिखा जमकर जोश, बुजुर्ग वोटरों ने भी कतार में लगकर किया मतदान








### जिलेवार इतने पदों के लिए चुनाव

राजनांदगांव जिले में पहले चरण के तहत सोमवार को राजनांदगांव जनपद का चुनाव कराया गया। इनमें चार जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 109 सरपंच और 1273 पंच पदों के लिए मतदान हुआ। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक की पांच जिला पंचायत सीटें, 25 जनपद सदस्य, 94 सरपंच और 593 पंच का चुनाव हुआ। ऐसे ही एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक में तीन जिला पंचायत सदस्य, 15 जनपद सदस्य, 56 सरपंच और 259 पंच पदों के लिए आज मतदान कराया गया।

### चार रंग के मिले मतपत्र

नगरीय निकाय चुनाव में मतदान की प्रक्रिया ईवीएम से कराई गई हो, लेकिन त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान मतपत्र के जरिये कराए गए। चुनाव के तहत पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र तैयार कराए गए थे। इन चार के जरिये ही मतदान कराया गया। यही कारण रहा कि ग्रामीण इलाकों में मतदान की रफ्तार थोड़ी धीमी रही।

### पांच हजार कर्मियों ने संभाला मोर्चा

मतदान की प्रक्रिया संपन्न करने के लिए लगभग 1200 कर्मचारियों की ड्यूटी राजनांदगांव विकासखंड में लगाई गई थी। वहीं 10 प्रतिशत रिजर्व मतदान दल भी रहा। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले चरण के तहत होने जा रहे मतदान में सभी पोलिंग बूथ पर एक-एक पुलिस जवान की ड्यूटी लगाई गई थी। वहीं 20 पेट्रोलिंग पार्टी निगरानी रखे हुई थी। मतदान की सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 1250 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। इसी तरह अविभाजित जिले में लगभग पांच हजार कर्मचारियों ने मतदान का मोर्चा संभाला।

## घर में डंप एमपी की 264 पौवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एवं तस्करी करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिसके तहत आरोपी के घर से पुलिस ने 264 पौवा शराब जब्त कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के आदेशानुसार व आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में 17 फरवरी को डोंगरगांव पुलिस को ग्राम मोहगांव निवासी सुखबीर हल्बा 59 साल द्वारा अपने घर में अवैध रूप से रखे मप्र का निर्मित देशी मदिरा प्लेन शराब 6 भूरे कार्टन में रखे होने की सूचना मिलने पर थाना डोंगरगांव पुलिस विधिवत कार्रवाई करते आरोपी सुखबीर हलबा 59 साल ग्राम मोहगांव के घर के तलाशी लिया गया, जिस पर अवैध शराब देशी मंदिरा शराब मप्र का निर्मित देशी मदिरा प्लेन शराब 6 पेटी में रखा हुआ कुल 264 नग पौवा कीमती रकम 18480 रुपए मिला। आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से रखना पाए जाने से उक्त शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## शराब की अवैध बिक्री, आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने की मिली शिकायत पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा एवं शराब जब्त कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं थाना प्रभारी ईशु अग्रवाल (भापु से प्रशिक्षु) के नेतृत्व में थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब बेचने एवं पीने-पिलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर अभियान के तहत जरिये मुखबीर सूचना मिली कि नया ढाबा रोड किनारे स्कूल के पीछे, फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक में अवैध शराब बिकी हेतु शराब रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना पर पुलिस स्टाफ घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी कोमल सिंह चौहान 52 साल साकिन ग्राम बागतराई, लक्ष्मण साहू 29 साल साकिन ग्राम मोंहदी, जितेन्द्र कुमार वर्मा 35 साल ग्राम पुरैना के कब्जे से कुल 56 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कीमती 5040 रुपए को जब्त किया। आरोपी का कृत्य धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से थाना लालबाग में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## गहने लूटकर महिला की हत्या आरोपी गिरफ्तार, सामान जब्त

### हत्या के दस दिन बाद आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अकेले जा रही महिला को झांसा देकर आरोपी अपनी बाइक में ले गया और उसके गहने लूटकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा ग्राम गुमानपुर थाना गातापार में मृतिका पुनीता सिन्हा के अंधेकत्ल में आरोपी की पता तलाश में त्वरित कार्रवाई करने के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक साहू एवं साइबर सेल व थाना खैरागढ़ प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में मृतिका पुनीता सिन्हा पति उत्तम सिन्हा 55 वर्ष के अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार थाना गातापार पुलिस व जिला केसीजी साइबर सेल की कार्रवाई से आरोपी सेवकराम खेलवार को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल, मृतिका के सोने-चांदी के गहनों को बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238, 311, 66 भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

### महिला की हत्या कर जेवर नाले में छिपाया

जहां आरोपी द्वारा पुनीता के पहने गहनों को लूटने की नियत से जमीन में पटक दिया। जिससे मृतिका के सिर में चोंट आने से अचेत हो गई। आरोपी द्वारा पुनीता की हत्या करने की नियत से उसके पहने साड़ी को मृतिका के गले में लपेटकर गला घोटकर हत्या कर दिया। पुनीता की मृत्यु के बाद उसके पहने हुए दो नग सोने के कान की पीपल पत्ती, एक नग सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट, पांच नग मंगलसूत्र का गोली, दो नग चांदी की एठी को लूटकर ले गया। दूसरे दिन ग्राम गुमानपुर व मुढ़ीपार में लोगों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस से बचने के लिए मोटर साइकिल से ग्राम शेरगढ़ गया, लूटे गए सोने-चांदी के जेवर को रास्ते में ग्राम सोनभट्ठा के नाला के पास छुपाकर रख दिया और ग्राम शेरगढ़ में मोटर साइकिल छोड़कर फरार हो गया था।

### बाइक में बिठाकर ले गया था

पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी सेवकराम खेलवार पिता मानसिंह खेलवर 45 वर्ष निवासी लालमाटी ग्राम मुढीपार द्वारा 7 फरवरी को शाम 7 बजे लगभग पुनिता के मुर्गा दुकान के पास बाजार में काम से अपनी मोटर साइकिल से गया था, जहां से वापस आते समय पुनिता को ग्राम मुढ़ीपार से लालमाटी की ओर अकेले जाते देख, उसके पहने हुए गहनों को लूटने की नियत से पुनीता को जाकर बोला कि उसके बेटे प्रकाश सिन्हा को कुछ लोग ग्राम गुमानपुर खार में पकड़कर मारपीट कर पैसे की मांग कर रहे है, तब पुनीता आरोपी सेवकराम खेलवार की बातों में आकर उसके साथ उसकी मोटर साइकिल में बैठकर ग्राम गुमानपुर खार चली गई।

### पंचायत चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए पड़ोसी राज्य से आ रही शराब

# मतदाताओं को बांटने लाई मप्र की 50 पेटी शराब पकड़ाई, 1 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं को लुभाने जिले में बड़ी तादाद में पड़ोसी राज्यों की अवैध शराब पहुंच रही है। जिसकी सूचना पर विभाग कार्रवाई करने में लगा हुआ है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत देवरी में कार्रवाई करते आबकारी विभाग ने भगवान सिंह वर्मा पिता शत्रुहन वर्मा के बोर बाड़ी से मप्र में बिकने वाली पचास पेटी एमपी निर्मित ब्रांड की अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है। लगभग एक लाख पचास हजार मूल्य की 450 बल्क लीटर दो हजार पांच सौ पौवा अवैध शराब बरामद करने में सफल रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),36, 59(क) के तहत मामला कायम किया गया है।



चुनाव में अन्य राज्य की अवैध शराब खपाने की संभावना को देखते जिला आबकारी अधिकारी रमेश सिन्हा द्वारा आबकारी जांच चौकी अंतर्राज्यीय सीमा के विभिन्न मार्ग सहित संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रय, धारण, परिवहन के विरूद्ध सघन जांच करने निर्देश जारी किया गया है। जिसके परिपालन में आबकारी वृत्त के देवरी में मुखबीर से सूचना मिलने पर भगवान सिंह के खेत में बने कमरे में तलाशी ली गई, जहां पचास पेटी में 450 बल्क लीटर मदिरा बरामद कर जब्त किया गया।

### बाइक में मप्र की शराब लाते पकड़ाए, चुनाव में खपाने की थी तैयारी



**साल्हेवारा।** पंचायत चुनाव में खपाने के लिए बाइक में अवैध रूप से मप्र की शराब लाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और शराब बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए थे, जिस पर थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अंतर्राज्यीय सीमा पर लगातार नजर रखी जा रही थी।

**74 पौवा शराब बरामद :** पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति मोटर साइकिल से मध्यप्रदेश का शराब लेकर सीमा पार कर छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में पंचायत चुनाव में शराब खपाने के लिए ले जा रहे हैं। साल्हेवारा में रामपुर की ओर से दो व्यक्ति मोटर साइकिल से अवैध मप्र निर्मित देशी मदिरा परिवहन करते ला रहे थे, जिन्हें कोसमर्रा चौक के पास साल्हेवारा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी पूर्वेश कुमार मेश्राम और बाबुलाल निवासी गाड़ाडीह थाना छुईखदान से पूछताछ करने पर पंचायत चुनाव में मतदाताओं को बांटने हेतु मानेगांव मप्र से शराब लेकर आना बताया। आरोपियों के कब्जे से 74 नग मप्र निर्मित देशी मदिरा को जब्त किया गया एवं शराब कोचिया मध्यप्रदेश निवासी अशोक कदम को छग आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 45, 52(क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के 2 बागी निष्कासित

**छुरिया।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 2 बागियों को पार्टी ने निष्कासित कर दिया है। उन्हे 6 वर्षो के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष की अनुशंसा पर निष्कासित किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा ने किरण वैष्णव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे किसान मोर्चा के जिला मंत्री हिरेंद्र साहू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य किरण साहू को भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है।

### पूर्णाहूति के साथ कथा का समापन



**घुमका।** ग्राम बड़े टेमरी के गोठान में रामकथा का आयोजन किया गया है। अमलीपदर के पं. युवराज पांडे द्वारा सोमवार से रामकथा का वाचन किया जा रहा है। आयोजन के छठे दिन उन्होंने सीता हरण, शबरी प्रसंग एवं हनुमान मिलन की कथा का वाचन किया। इस मौके पर डन्होंने कहा कि सभी रिश्तों का आधार विश्वास है। नम्रता ही ज्ञान का प्रतीक है। त्याग के बिना जीवन में कुछ भी पाना संभव नहीं है। आयोजक को रोचक बनाने के लिए भजन कीर्तन एवं भगवती सेवा गीत की प्रस्तुति में भक्त नाचते और झूमते रहे। आयोजन के छठे दिन बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचे थे। प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के राधेश्याम हरमुख, नरेश साहू, जयप्रकाश, योगेश साहू, सुमन हरमुख, रवि हरमुख, दिलीप, बबिता टांक, थानेश निषाद, भीष्म देशमुख, गजेंद्र गज्जू आदि आयोजन में निरंतर सहयोग दे रहे हैं। रविवार को सेतु निर्माण कथा, तुलसी वर्षा, गीता दान यज्ञ, पूर्णाहुति एवं चढ़ोतरी, भंडारा के साथ कथा का समापन हुआ।

**प्लाट बेचना है**

डोंगरगढ़ शहर के गोल बाजार में 1852 वर्गफीट प्लाट बेचना है। प्लाट साइज 50x40

- संपर्क करें -
8319080044
9425560253

## गांव के बूथों में लगी मतदाताओं की कतार, धीमे मतदान पर कलेक्टर ने जताया नाराजगी

# गांव का मुखिया चुनने मतदान केन्द्रों में लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को मतदान हुआ। सभी मतदान केन्द्र में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतार लग गई थी। पंचायत का मुखिया चुनने पुरूषों की अपेक्षा महिला अधिक उत्सुक नजर आई। सुबह 7 बजे मतदाता घर से निकल कर मतदान करने पहुंचे। पहली बार मतदान करने वाले युवक युवतियों में खासा उत्साह रहा। दोपहर 12 बजे सड़क अतरिया, खैरा नवापारा, कुकुरमुड़ा, खैरबना, चकनार, संड़ी, मानपुर, जीराटोला, पंडरिया, ओटेबंद सहित अन्य केन्द्र में 50 फीसदी मतदान हो गया था।

### मुखाग्नि देने के पहले मतदान

सड़क अतरिया निवासी रामकृष्ण लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने अपने पिता को मुखाग्नि देने के पहले मतदान कर अपना कर्तव्य पूरा किया। रविवार की रात गोकुलदास का निधन होने के बाद पूरा परिवार शोक में डूब गया था। सोमवार को मतदान शुरू होने पर पुत्र ने जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाते हुए पहले मतदान करने केन्द्र पहुंचा। उसके परिजनों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद पिता को मुखाग्नि दिया।

### सभी वर्ग के मतदाताओं ने किया मतदान



### मतदान के बाद हुई मतगणना

**गंडई पंडरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत के लिए मतदान प्रक्रिया 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक पूरी हो गई। भुरभूसी,गोकना, नदिया, ढाबा एवं अन्य ग्रामो में मतदान के लिए निर्धारित समय को लेकर ग्रामीण लापरवाह नजर आए। अपरान्ह 3 बजे के बाद मतदान केंद्रों का गेट बंद कर दिया गया। तीन बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। निर्धारित समय के पहले जो मतदाता बूथ के अंदर चले गए थे उन्हे मतदान करने का अवसर दिया गया जिसके कारण 4 बजे के बाद भी मतदान होते रहा । मतदान के बाद 4.30 बजे मतगणना प्रक्रिया आरंभ किया गया। जानकारी के अनुसार पंच और सरपंच के मतों की गणना शाम 6 बजे तक पूरी हो पाई और विजेताओं की घोषणा किया गया। जनपद और जिला पंचायत की गणना देर शाम तक चलते रही।



### कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल एवं एसडीएम विभिन्न मतदान केन्द्र पहुंच कर जायजा लिया। सड़क अतरिया के बुथ क्रमांक 172 में मतदान की धीमी गति को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर किया। दल पर कारवाई करने की बात कही। दोपहर को केन्द्र में मतदाता की लम्बी कतार लगी थी। यहां मतदान का प्रतिशत भी कम था। केन्द्र में उन्होंने मतदान दल को तेजी लाने के निर्देश दिया। यहां तीन बजे के बाद भी लगभग ढ़ाई सौ मतदाता कतार पर लगी थी।



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी कामदेव जंघेल ने अपनी पत्नी प्रियंका जंघेल के साथ बूथ क्रमांक 169 ओटेबंद में मतदान किया।



बूथ क्रमांक 173 में 80 वर्षीय द्रौपतीबाई व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने पहुंची।



पंडरिया में पहली बार मतदान करने पहुंची युवतियों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने मिला।

# खुद के लिए मांगा वोट, अध्यक्ष को नहीं दिला सके मत

## 15 साल से शहर में काबिज कांग्रेस बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। शहर के लोगों ने 15 साल से शहर की कमान संभाल रही कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखाते हुए प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को मौका दिया है। परिणाम आने के बाद भाजपाई आल्हादित हैं तो कांग्रेसी हार से सदमे में हैं किन्तु जो परिणाम आया हैं वह काफ़ी हैरान करने वाला है।

निकाय चुनाव में भाजपा ने अध्यक्ष सहित 11 वार्ड में सफलता हासिल किया है। कांग्रेस केवल तीन वार्ड में सफल हो सकी। एक वार्ड में भाजपा- कांग्रेस को मात देते हुए निर्दलीय उम्मीदवार ने कामयाबी हासिल किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी को 15 वार्ड में 3333 मत मिले वहीं उन्ही की पार्टी के पार्षद पद के 15 प्रत्याशियों को 4791 वोट मिले। आंकड़ों से स्पष्ट है कि अध्यक्ष को पार्षद के उम्मीदवारों से 1458 वोट कम मिले।

नगर के कई वार्ड में मतों में काफ़ी अंतर रहा। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष को वार्ड एक में पार्षद प्रत्याशी से 105, वार्ड दो में 157, वार्ड तीन में 12, वार्ड चार में 31, वार्ड पांच में 358, वार्ड छह में 88, वार्ड सात में 114, वार्ड 10 में 122, वार्ड 11 में 33, वार्ड 12 में 249, वार्ड 13 में 7, वार्ड 14 में 38 और वार्ड 15 में 86 मत कम मिले।

### कहां शिफ्ट हुए वोट

अध्यक्ष और पार्षद के उम्मीदवारों को मिले मतों में अंतर के बाद यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इतना अधिक अंतर आया कैसे? यह वोट कहां शिफ्ट हुए? कहा जा रहा है कि भाजपा- कांग्रेस के पार्षद पद के उम्मीदवारों ने अपने लिए वोट हासिल करने एड़ी चोटी का प्रयास किया किन्तु अध्यक्ष के उम्मीदवार को वोट दिलाने में अपेक्षित रूचि नहीं दिखाया जिसके चलते यह अंतर आया है।

### गृह वार्ड में भाजपा पिछड़ी

अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पदेवी यदु को गृह वार्ड क्रमांक पांच में 490 मत मिले जो सभी अन्य वार्ड की तुलना में सबसे ज्यादा थे। इसी प्रकार निर्दलीय श्रीमति लोढ़ा को वार्ड 11 में भाजपा- कांग्रेस से अधिक 342 वोट मिले। एक अन्य निर्दलीय सरिता ढीमी अपने गृह वार्ड 12 में मात्र 45 वोट हासिल कर सकी, जबकि उन्हें वार्ड नौ में 110 वोट मिले। नव निर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अधिकतम 349 वोट वार्ड 13 में प्राप्त किए किन्तु अपने गृह वार्ड क्रमांक 11 में मात्र 163 मत प्राप्त कर तीसरे पायदान पर रही। यहां कांग्रेस को 182, निर्दलीय श्रीमती लोढा को 342 वोट मिले।


### वोट दिलाने में परहेज

भाजपा के अलावा कांग्रेसी भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को अपने बराबर वोट दिलाने में नाकाम रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार को वार्ड एक में 218, वार्ड दो में 50, वार्ड तीन में 170, वार्ड नौ में 143, वार्ड 11 में 129, वार्ड 12 में 125, वार्ड 13 में 122, वार्ड 14 में 21 मत पार्षद प्रत्याशी से कम वोट मिले। वार्ड 8, 11, 12 में निर्दलीय पिंकी लोढ़ा ने भाजपा- कांग्रेस से अधिक मत प्राप्त किए।

# पंचायत के प्रत्याशियों ने प्रचार में झोंकी ताकत







### किरण ने मांगा समर्थन

**छुरिया।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला की भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण वैष्णव ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणजनों से भेंट किया और उनकी समस्या और आवश्यकताओं को सुना। उन्होंने इस मौके पर कहा कि ग्रामीणों का सहयोग और समर्थन हमारे लिए ऊर्जा का कार्य करता है। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि हर गांव का समग्र विकास हो और जनता को सभी सुविधाएँ मिले यह उनका धेय है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ायेंगे।उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया।

### निष्क्रियता से विकास बाधित

**अर्जुनी।** जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 की कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रीता नाहटा ने सोमवार को अुर्जनी, मोखली, सोनेसरार, बनभेड़ी, मोहभट्टा, बनहरदी पहुंच कर ग्रामीणों से आर्शिवाद मांगा। अर्जुनी में जनसंपर्क के दौरान महिलाओं का हुजुम उनके साथ उमड़ पड़ा था। इस मौके पर उन्होंने मौजूदा और पूर्व जिला पंचायत सदस्यों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनकी निष्क्रियता का खामियाजा पूरे क्षेत्र और ग्रामीणों को भोगना पड़ा है जिसके ही कारण क्षेत्र में सुविधाओं का आभाव बना हुआ है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने उन्हे अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है जबकि एक अन्य स्वयं को कांग्रेसी होने का दावा कर रही है जो निर्दलीय है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रचार में जुटे हैं और लोगों को भरपूर समर्थन भी उन्हे मिल रहा है। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू की पत्नी जयश्री साहू, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

### महिलाओं का समर्थन महेन्द्र को

**तुमड़ीबोड।** जिला पंचायत क्षेत्र क्र 7 के प्रत्याशी और जिला कांग्रेस के महामंत्री महेंद्र यादव का क्षेत्र में सघन जनसंपर्क जारी है। वह गांव गांव और घर घर जाकर मतदाताओं से रूबरू होकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। विगत 10 सालो तक क्षेत्र के आमजनों से बने रिश्ते, कुशल व्यवहार, विनम्रता तथा सुख दुख में ग्रामीणों के साथ खड़े होने के कारण मतदाता उनसे खासा प्रभावित नजर आ रहे है जिसका सीधा असर देखने मिल रहा है। क्षेत्र के मतदाताओं के बीच कांग्रेस नेता श्री यादव पहली पसंद बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि किसानो के अधिकारो की लड़ाई लड़ने के कारण उन्हे भाजपा शासनकाल में लाठीचार्ज का सामना करते हुए जेल भी जाना पड़ा था। इस घटना को क्षेत्र के किसान अब तक नहीं भूले है। महिलाएं भी नेता नहीं बेटा को चुनने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### श्रद्धा से मनाया संत रविदास जयंती



**डोंगरगढ़।** द बुद्धा टिचिंग्स फाउंडेशन एवं ऑल इंडिया एससी ,एसटी एसोसिएसन के तत्वावधान में समाज सुधारक संत रविदास की जयंती श्रद्धा के साथ रेलवे एससी एसटी कार्यालय में मनाया गया। अध्यक्षता शिवराम टांडिया ने किया। मुख्य अतिथि अनमोल बौद्ध थे। कार्यक्रम में डॉ मनोज गजभिये भी शामिल हुए। अतिथियों ने सर्वप्रथम संत रविदास, बुद्ध और डां आम्बेडकर के चित्रों के समक्ष अगरबत्ती, मोमबत्ती प्रज्जलित किया। फॉउंडेशन के अध्यक्ष हरविंद्र आजाद ने कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तावना वाचन किया। इस मौके पर डॉ गजभिये ने संत रविदास का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने धार्मिक पाखण्ड से दूर रहकर कर्म पर विश्वास रखने पर बल दिया। उन्होंने कविता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अनमोल बौद्ध ने कहा कि संत रविदास सच्चे गुरु थे। उन्होंने मानव उत्थान का संदेश दिया। श्री आजाद ने संत रविदास के दोहे का वाचन किया। अंत में श्री गौतम ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर मनोहर कामले ,सोमनाथ मांझी ,उमेन्द्र बंजारे ,भीमसिंह, रोहित गजभिये, गांधी टांडिया, सिद्धार्थ जनबंधु ,ह्रदयकिशोर, अजय मेश्राम, साधना टांडिया, आकाश डोंगरे, जय नायक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिव्या विश्वविद्यालय में प्रथम



**डोंगरगढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने भूगोल की प्रावीण्य सूची जारी किया है जिसमें दिव्या नामदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दिव्या नामदेव पिता विजय नामदेव भगतसिंग वार्ड की निवासी है। साधारण परिवार में जन्मी दिव्या ने प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल से हिन्दी माधयम से प्राप्त किया था। नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ में भूगोल शास्त्र की छात्रा दिव्या को पढ़ाई में प्राध्यापक नौशीन और अन्य का विशेष योगदान रहा। उसके प्रथम आने पर निज़ार जीवा, अक़फ़ि जीवा, अदीब जीवा, ज़ारा जीवा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते बधाई दी है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## परिणाम के बाद शहर में जश्न का माहौल

# डेढ़ दशक बाद भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी के लोगों ने भाजपा प्रत्याशियों पर भरोसा जताते हुए एकतरफा मतदान किया जिसके चलते नगर पालिका में भाजपा कब्जा जमाने में सफल हो सकी है। कुछ वार्डो के प्रत्याशी अपने पिछले कार्यकाल के काम के दम पर पुनः जीतने में सफल हो गए। भाजपा ने मां बम्लेश्वरी की नगरी में 15 साल अंतराल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज किया है।

परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में जमकर जश्न मनाया। कुछ वार्डो में कांग्रेस एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत के बाद आतिशबाजी करते हुए आभार रैली निकालकर मतदाताओं से मुलाकात किया। कुछ वार्डों में जीते प्रत्याशियों की पूजा आरती की गई। पूरे शहर में होली जैसा माहौल देखा गया। भाजपा की विशाल रैली महावीर मंदिर प्रांगण से अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित 14 पार्षदों के साथ निकली जो जयस्तंभ चौक, खंडूपारा, गुरूद्वारा चौक, रेलवे चौक, जैन मंदिर, गोल बाजार सहित अन्य प्रमुख वार्डों में पहुंची। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं का आभार जताया। इस दौरान शहर के लोगों ने नव निर्वाचित पालिका अध्यक्ष और पार्षदों का जोरशोर से स्वागत किया। शहर के मुख्य चौक चौराहो में जमकर आतिशबाजी का नजारा देखने मिला। रैली में पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, जसमीत सिंग बन्नौआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र भाई पटेल, सविता दरगढ़, अचलासिंह ठाकुर, प्रकाश बिंदल, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड़, सरफराज खान, डॉ. राघोर्ते, विशु खांडेकर, प्रिंस कक्कड़, पंकज अग्रवाल, डॉ. पन्नालाल बाफना, मधु अग्रवाल, तरूण हथेल सहित अन्य शामिल हुए।



### जुलूस के दौरान झूमाझटकी

वार्ड 22 ठेठवार पारा में कांग्रेस प्रत्याशी के जीत के बाद घूम रहे थे इस दौरान झूमाझटकी और हाथापाई करने के साथ भाजपा नेता संतुराव अन्ना के घर में उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद वार्ड पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। देर रात भाजपा नेताओं ने थाना का घेराव कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर थाना में डटे रहे। इस दौरान कांग्रेसी भी हुडदंग मचाने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने की शिकायत करने थाना पहुंचे थे।

### निर्दलीय ने दी शिकस्त

गोलबाजार वार्ड नं. 17 में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय चौरड़िया जीतने में नाकाम रहे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा लिया था। इस चुनाव में भाजपा के राकेश अग्रवाल भी निर्दलीय संजय श्रीवास्तव से मात खा गए। पिछले 20 सालो से कांग्रेस का गढ़ कहलाने वाले वार्ड 12 में इस बार भी कांग्रेस ने जीत दर्ज किया। पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस को समर्थन देने वाली अलका जयेष सहारे ने इस बार भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ा। वार्ड 8 के मतदाताओं ने भाजपा और कांग्रेस को नकारते हुए निर्दलीय राजेश सेन को विजयी बनाया। इसी प्रकार इंदिरा नगर वार्ड 5 में भाजपा की गीतांजलि कोचे एवं कांग्रेस की अमिता मेश्राम को हराते हुए भाजपा की बागी प्रीति चमन समुंद्रे ने जीत दर्ज कर सबको चौका दिया। वार्ड 13 बुधवारी पारा में भाजपा से पार्षद रहे अमित छाबड़ा ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को महज 6 वोट से हराकर अपना दबदबा कामयाब रखा।

**HEALTH TOWN**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया मतदान



**कवर्धा।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को जिले में पहले चरण के लिए हुए मतदान में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी लोकतंत्र के महाकुंभ मं मत की आहूति दी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने गृह ग्राम रणवीरपुर बूथ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होने कहा कि उन्होने सेवा, सुशासन एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए लाईन में लग कर मतदान किया है। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप भी भागीदार बनकर अपने गांव-शहर को विकसित एवं समृद्ध बनाने में सहयोग करें। मतदान हमारा परमकर्तव्य है और इसको पूरा करने के लिए हम सब मिलकर मतदान जरूर करें।

### 97 वर्षीय अगसिया बाई मतदान के प्रति जागरूक



**कवर्धा।** ग्राम पंचायत धरमगढ़, विकासखंड लोहारा की 97 वर्षीय वृद्ध महिला अगसिया बाई, पति कन्हैया सिन्हा ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया। उम्र के इस पड़ाव पर चलने में असमर्थ अगसिया बाई ने व्हील चेयर में मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। उनके जोश और उत्साह ने सभी मतदाताओं को प्रेरित किया। मतदान केन्द्र पर पहुंचकर उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे यह संदेश गया कि हर नागरिक का वोट बहुमूल्य है।

### रिटर्निंग अफसर विवेक गोहिया ने किया मतदान



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के रिटर्निंग अफसर विवेक गोहिया ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग कर उन्होंने मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित किया। साथ ही, सभी नागरिकों से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की और इसे लोकतंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर बताया। उनके इस कदम से मतदान प्रक्रिया में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और भूमिका को और अधिक बल मिला है।

### मतदान के प्रति ग्रामीणों में दिखा भारी उत्साह



**कवर्धा।** जिले में 17 फरवरी को हुए पहले चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जनपद पंचायत लोहारा के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों में लंबी कतारें लग गईं, जहां नागरिक अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए तत्पर नजर आए। ग्राम महराटोला, विकासखंड सहसपुर लोहारा में महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। वे शांतिपूर्ण माहौल में कतारबद्ध होकर मतदान कर रही हैं, जिससे लोकतंत्र के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता स्पष्ट झलकती है। वहीं, मतदान केंद्र छीरबांधा सहित अन्य केंद्रों में भी मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है, और नागरिकों में लोकतंत्र के महापर्व का उल्लास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**चुनाव:** तीन बजे तक कवर्धा तथा स.लोहारा विकासखंडों में 74.34 प्रतिशत मतदान दर्ज

# गांव की सरकार बनाने मतदान केन्द्रों में उमड़ी मतदाताओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले के दो विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 17 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के दोनों विकासखंड में दोपहर 03 बजे तक 74.34 प्रतिशत मतदान हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पहले चरण के निर्वाचन में विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 73.41 प्रतिशत, पुरुष 68.15 प्रतिशत, महिला 78.76 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 75.39 प्रतिशत पुरुष 72.43 प्रतिशत, महिला 78.53 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले पहले चरण के निर्वाचन में कुल 1 लाख 94 हजार 216 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 91 हजार 699 और महिला मतदाता 1 लाख 02 हजार 516 और 01 तृतीय लिंग शामिल है। कवर्धा विकासखंड में कुल 01 लाख 02 हजार 346 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 47 हजार 871 और महिला मतदाता 54 हजार 475 शामिल है। सहसपुर लोहारा में कुल 91 हजार 870 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 43 हजार 828, महिला मतदाता 48 हजार 41 और तृतीय लिंग के 01 मतदाता शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि सुबह 09 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 16.15 प्रतिशत, पुरुष 16.40 प्रतिशत, महिला 15.09 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 15.12 प्रतिशत पुरुष 15.41 प्रतिशत, महिला 14.82 प्रतिशत मतदान हुआ। 11 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 32.34 प्रतिशत, पुरुष 33.20 प्रतिशत, महिला-31.46 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 34.58 प्रतिशत पुरुष 33. 42 प्रतिशत, महिला 35.73 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 33.39 प्रतिशत रहा। दोपहर 01 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 53.84 प्रतिशत, पुरुष 54.22 प्रतिशत, महिला 53.46 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 55.74 प्रतिशत पुरुष 52.24 प्रतिशत, महिला 59.22 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 54.73 प्रतिशत रहा। दोपहर 03 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 73.41 प्रतिशत, पुरुष 68.15 प्रतिशत, महिला 78.76 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 75.39 प्रतिशत पुरुष 72.43 प्रतिशत, महिला 78.53 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 74.34 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट आने तक कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा विकासखण्ड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। लाइन लगी गई है, पर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है। निर्धारित 3 बजे तक अंदर आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान कराया जा रहा है। इसके बाद अंतिम रिपोर्ट मतदान की देर रात तक आने की संभावना है।

### शहर की अपेक्षा गांव की महिला वोटर ज्यादा जागरुक



सोमवार को जिले में हुए पहले चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में गत 11 फरवरी को हुए नगरीय निकाय चुनाव की अपेक्षा ग्रामीण महिलाएं मतदान को लेकर ज्यादा जागरूक दिखाई दी। आंकड़ों की माने तो नगरीय निकाय चुनाव में जिले के कुल साल नगरीय निकायों में डाले गए कुल 74.10 प्रतिशत वोट में पुरूष मतदाताओं की हिस्सेदारी 75.85 प्रतिशत थी जबकि महिला वोटरों की हिस्सेदारी 73.21 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं इसके विपरीत त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखण्ड कवर्धा में 17 फरवरी को हुए कुल 73.41 प्रतिशत मतदान में पुरूषों की हिस्सेदारी 68.15 प्रतिशत तथा महिलाओं की हिस्सेदारी 78.76 प्रतिशत रही। इसी प्रकार विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में हुए कुल 75.39 प्रतिशत मतदान में पुरूषों की हिस्सेदारी 72.43 प्रतिशत दर्ज की गई तो 78.53 प्रतिशत ग्रामीण महिला वोटरों ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## 17 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 16 फरवरी को मतदान सामाग्री वितरण में अनुपस्थित रहने वाले 17 अधिकारी-कर्मचारियों को जनपद पंचायत कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 24 एवं 25 का उल्लंघन माना गया है। सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 के साथ-साथ छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 में प्रदत शक्तियों के तहत अनुशासत्मक कार्यवाही की गई है। जारी आदेश में बताया गया है कि 17 फरवरी को निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को 16 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे आदर्श कृषि उपज मंडी समिति, बिलासपुर रोड, कवर्धा में मतदान सामाग्री लेने उपस्थित होना था, लेकिन निर्धारित तिथि पर वे अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए। इस अनुपस्थिति के कारण निर्वाचन कार्य में अवरोध उत्पन्न हुआ, जो छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 24 एवं 25 का उल्लंघन माना गया है। जिसके तहत शिक्षक गोपीचंद वर्मा, भूधर चंद्रवंशी, राजकुमार साहू, बंशीलाल बैगा, भगतराम धुर्वे, बीरशंकर सिंह, निर्मल कुमार धुरव, सगनुराम धुर्वे, अमरलाल धुर्वे, प्रेमलता बिसेन, सुमेरी सिंह तिलगाम, धनुकलाल वर्मा, रघुनाथ चंद्रवंशी, राजु कुमार पाटिल, आजुराम बैगा, गेंदलाल बघेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धर्मराज चंद्रवंशी को को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस प्राप्ति के तुरंत बाद स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## नपं स. लोहारा के तीन निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पार्षदों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले में नगरीय निकाय चुनाव का जनमत सामने आने के महज कुछ घंटे बाद ही नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से जीतकर आए तीन निर्दलीय पार्षदों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया। श्री शर्मा ने विधिवत इन नव निवार्चित पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और पार्टी में स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शनिवार को कबीरधाम जिले के सभी 7 निकाय में हुए चुनाव के परिणाम आए है। जिले के सभी निकाय में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं कुछ निकायों में पार्षद प्रत्याशी के पद पर निर्दलीय भी जीते है। ऐसे में चुनाव जीतने के दूसरे दिन रविवार को ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। रविवार को सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के निर्दलीय प्रत्याशी को डिप्टी सीएम व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने भाजपा में प्रवेश कराया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा की उपस्थिति में सहसपुर लोहारा के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद झामीन मुकेश साहू, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद सुमित्रा टंडन तथा वार्ड क्रमांकपांच के पार्षद मूलसिंह टंडन भाजपा में शामिल हो गए है। इस नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है, ज्यादातर वार्ड में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जीते है। इसी प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के संतोष मिश्रा ने जीत दर्ज की है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज बोड़ला क्षेत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा मंगलवार 18 फरवरी को एक दिवसीय जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दोपहर 11.30 बजे विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम तेलीटोला, दोपहर 12.30 बजे खारा, दोपहर 2.00 बजे रेंगाखार, दोपहर 03.30 बजे ग्राम समनापुर, शाम 5.00 ग्राम झलमला, शाम 6.30 बजे ग्राम चिल्फीघाटी, रात 8.00 बजे नेऊरगांवकला, रात 9.00 बजे ग्राम पोड़ी को दौरा करेंगे। रात 10.00 बजे पोंड़ी से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। माना जा रहा है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने प्रवेशी के दौरान जिले के विकासखण्ड कवर्धा तथा बोड़ला में दूसरे चरण के तहत होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा समर्पित व भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। जिसे लेकर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

### टीचर्स ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने गृह ग्राम परसवारा में किया मतदान



**कवर्धा।** लोकतंत्र में जनता को अपने सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। हमारे देश में निर्वाचन की एक खूबसूरती यह है कि हर नागरिक का मतमूल्य बराबर रखा गया है, चाहे देश व राज्य की सरकार हो या फिर त्रि-स्तरीय पंचायती राज की सरकार हो। देश के प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा किया जाता है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इसी के तहत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्रवंशी ने कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित गृहग्राम परसवारा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय पंचायती राज अधिनियम लागू होने बाद 1994 में पहली बार पंचायत चुनाव में मतदान किया था, तब से लेकर सन 2025 में सातवीं बार मतदान किया। इसके पहले लोकसभा में दस बार एवं विधानसभा में आठ बार मतदान कर चुके हैं। मतदाता सूची नाम आने के बाद सभी चुनाओं में मतदान किए हैं। लोकसभा, विधानसभा व पंचायत को मिलाकर अब तक कुल पच्चीस बार मतदान कर चुके हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों-अधिकारियों एवं नागरिकों से मतदान करने की अपील किया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्रवंशी ने बताया जिले में आगामी 20 फरवरी को दूसरे चरण का मतदान होगा, जिसमें बोड़ला व पंडरिया ब्लॉक शामिल है। इस चरण के मतदान दल में ऐसे कई शिक्षकों व कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिनका नाम पंडरिया व बोड़ला ब्लॉक के मतदाता सूची में है। अतः ऐसे शिक्षकों व कर्मचारियों को मतदान दल से मुक्त किया जावे, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वार्षिक ए सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित



**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वार्षिक ए सर्टिफिकेट हेतु परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। यह परीक्षा स्कूल शिक्षा के कक्षा बारहवीं के छात्र जो 2 वर्ष अर्थात 240 घंटे से ज्यादा स्वयंसेवक के रूप में कार्य करते हैं तथा शिक्षा के साथ समाज में गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सरोकार ,चिकित्सा, स्वच्छता एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूर्ण करने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए देश के प्रति अपनी कर्तव्य का निर्वहन करते हैं तब इसके साथ ही किए गए कार्यों को राष्ट्रीय सेवा योजना के डायरी में अंकित करते चलते हैं ।सत्रांत में ए सर्टिफिकेट हेतु परीक्षा का आयोजन एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाता है इस परीक्षा में लगभग 35 स्वयंसेवा के ने हिस्सा लिया मौखिक साक्षात्कार के लिए वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम अधिकारी सुजीत कुमार गुप्ता ने बताया की स्वयंसेवक सात दिवसीय विशेष शिविर में अपनी सहभागिता देते हुए स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पौष्टिक आहार, शिक्षा एवं प्राथमिक उपचार, साक्षरता संबंधी, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना, विभिन्न प्रकार के अवेयरनेस सभी में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुयोग्य नागरिकता की ओर अपना कदम बढ़ाते हैं समाज सेवा के साथ अपने व्यक्तित्व का विकास यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है।

**वार्ड क्रमांक 13 के कांग्रेस अधिकृत वार्ड प्रत्याशी को मिले मात्र दो वोट, चर्चा का विषय**

## नगर पंचायत बोड़ला में अपनो के वोट से ही वंचित रहे कांग्रेस के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला




जिले की नगर पंचायत में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी विजय पाटिल ने बड़ी जीत हासिल की है तो दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस मात्र दो वार्डो में सिमट कर रह गई। नगर पंचायत बोड़ला के दो वार्डो में निर्दलीयों ने अपना जलवा दिखाया है। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 01 और 13 में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे तो वहीं वार्ड क्रमांक 02 और 04 में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना कब्जा जमाया है। इन सब के बीच लोगों में मतगणना के बाद से ही नगर का वार्ड क्रमांक 13 चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां कांग्रेस मतदाता व कार्यकर्ता गायब रहे। बताया जाता है कि नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 13 में लगभग 168 वोट डाले गए हैं। जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी को 113 तो भाजपा को 53 वोट मिले है। वहीं राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को इस वार्ड से सिर्फ 02 वोट प्राप्त हुए हैं। जिसमें एक वोट तो स्वयं प्रत्याशी का होगा वहीं एक अन्य किसी का होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वार्ड क्रमांक के कांग्रेस अधिकृत पार्षद पद के प्रत्याशी का अपनो ने ही साथ नहीं दिया। जबकि कहा तो ये भी जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 13 में कुछ ऐसे लोग निवासरत है जो अपने आपको कट्टर कांग्रेसी मानते हैं और खुले मंच पर अपने आप को कांग्रेस पार्टी का सच्चा व वफादार सिपाही बताकर ताल ठोंकते नजर आते है। ऐसे में नगरवासियों के बीच इसी विषय को लेकर चर्चा है कि इस बार इन कट्टर कांग्रेसियों ने कांग्रेस पार्टी के पार्षद प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी के पक्ष में मतदान क्यों नही किया? या फिर इन्होने मतदान इसलिए नहीं किया क्योंकि वे भाजपा को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 से हराना चाहते थे। जिसके परिणाम स्वरूप इस वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिल गई। बहरहाल जो भी हो लेकिन माना जा रहा है कि नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 13 में हम तो डूबेंगे तुम्हे भी ले डूबेंगे वाला खेल खेला गया है।

## दूसरे चरण का पंचायत चुनाव 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दूसरे चरण का निर्वाचन 20 फरवरी को हो होगा। इसके अन्तर्गत पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक निर्वाचन होगा। साथ जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के 6 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों (09, 10, 11, 12, 13 और 14) में मतदान होगा। इसमें कुल 33 अभ्यर्थी निर्वाचन मैदान पर है। इन क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में 508 मतदान केंद्रों पर 2, 57, 821 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है। रिटर्निंग अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि दोनों विकासखंड अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसमें कुल 2 लाख 57 हजार 821 मतदाता और 508 मतदान केन्द्र है। इन दोनो विकासखंड अंतर्गत जिला सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों में 33 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 44 हजार 29 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 36 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 31 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 26 है। इन ग्राम पंचायतों में 40 हजार 325 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 7 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 12 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 34 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 337 मतदाता और मतदान केन्द्र 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 8 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 13 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 30 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 587 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 14 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 42 है। इन ग्राम पंचायतों में 47 हजार 512 मतदाता और मतदान केन्द्र 98 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 6 अभ्यर्थी है।

## सार समाचार

### 21 को मोरिशस से पधारेंगे संत-महापुरुष

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में सद्गुरू कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत विदेश मोरिशस से कबीर पंथ अनुवायी पूज्य संत महंतों का जत्था 21 फरवरी को आगमन होगा।

विदेश मोरिशस से पधारने वाले महंत साहेब में परम पूज्य महंत डॉ. श्याम दास साहेब कबीर मंदिर बोने टेरे वाकोअस मांरिशस, महंत गिरिजानंद अंगोतीया ग्लेन पार्क वाकोआस मारिशस, पूज्य श्री नलिनी बाइचू एवेन्यू रेमी फीनिक्स मारिशस, पूज्य श्री रीता देवी सुंगकुर हाइलैंड्स रोड फीनिक्स मारिशस से कबीर दर्शन यात्रा हेतु भारत आगमन होगा।

ग्राम पेंडरी में एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम साथ ही साथ परम पूज्य पंथ श्री हजूर साहेब के पावन जन्म भूमि स्थली पर पहुंचकर दर्शन लाभ कर आरती पूजन करेंगे। इस अवसर पर सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के महंत सेवादास साहेब और आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

### जनता ने भाजपा को दिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य खूबचंद पारख ने नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते कहा कि उनके किए गए जीत के दावे लगभग सही साबित हुए।

मधुसूदन यादव एवं 39 पार्षद जीतकर आए और जनता ने कांग्रेस के 5 वर्षों के किए गए भ्रष्टाचार पर करारा जवाब दिया और भाजपा की विकास की राजनीति पर मुहर लगाई।

श्री पारख ने कहा कि भाजपा का संगठन कैडर आधारित रहा है और पूर्ण समर्पित होकर भाजपा के कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के प्रति जुनून के साथ लगे रहे। जिसके नतीजे सकारात्मक रहे।

उन्होंने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की कार्ययोजना को देते कहा कि समयबद्ध ढंग से संगठन के चुनाव संपन्न होने के बाद नए एवं पुराने पदाधिकारी के समन्वय के साथ मिलजुल कर चुनाव लड़ने एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा समय पर मोदी गारंटी पूर्ण करने के कारण छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन पर मुहर लगाई है। श्री पारख ने कहा कि अटल संकल्प पत्र में कही सभी बातें भाजपा पूरा करेगी और इस जीत के लिए जनता जनार्दन का वह आभार व्यक्त करते हैं।

### जनता के जनादेश को नमन



**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आ चुके हैं और जनता ने अपना जनादेश स्पष्ट रूप से दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय सरकार बन रही है और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने इस निर्णय को पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार किया है। गौरतलब है कि कमलेश स्वर्णकार ने चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते कहा कि जनता का फैसला सर्वोपरि है और मैं इसे सिर झुकाकर स्वीकार करता हूं। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि जनता जिसे उपयुक्त समझती है उसे अपनी सेवा का अवसर देती है।

## केंद्रों में सुबह से लगी रही भीड़, दोपहर 3 बजे तक मतदान

# ग्रामीणों ने दिखाई जागरुकता मतदान को लेकर रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान करने सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें रही। प्रथम चरण के तहत राजनांदगांव विकासखंड के गांवों में मतदान संपन्न हुआ। गांव की सरकार चुनने के लिए ग्रामीण मतदाताओं में भारी उत्साह रहा। ग्रामीणों ने पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति मतदाताओं में खासा उत्साह बना रहा। खासकर पहली बार मतदान करने वाली युवतियां उत्साहित नजर आई। त्रि-स्तरीय पंचायत के लिए बैलेट पेपर में मुहर लगाकर मतदान किया गया। एक मतदाता ने चार-चार वोट डाले।



### गांव के विकास के लिए मतदान

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति जागरूकता नजर आई। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग करते अपने गांव के विकास को दृष्टिगत रखकर मतदान किया। पहली बार मतदान कर रही सिंघोला की अंजलि साहू ने कहा कि उन्होंने ऐसे उम्मीदवारों को अपना मतदान किया है, जो गांव का विकास कर सके।

### 1751 पदों के लिए मतदान संपन्न

पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत के 4 क्षेत्र सदस्यों, जनपद पंचायत के 25 सदस्यों, 110 सरपंचों और 1612 पंचों को चुनने मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### मतदान स्थल पर गणना

सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक चले मतदान के बाद मतदान स्थल पर ही मतगणना की गई। वहीं पंच, सरपंच और जनपद के परिणाम की घोषणा विकासखंड में 19 फरवरी को और जिला पंचायत सदस्य की घोषणा 20 फरवरी को जिला मुख्यालय में की जाएगी।

## जनता उब चुकी थी कांग्रेस के भ्रष्टाचार से - राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नगर निगम में भाजपा की प्रदेश में मिली ऐतिहासिक जीत पर अपनी खुशी को प्रकट करते कहा कि इस जीत के लिए वे जनता के निर्णय के सामने नतमस्तक होते आभार व्यक्त करते हैं।

श्री राजपूत ने कहा कि जीत का आधार भाजपा का समर्पित भाव से छत्तीसगढ़ को संवारने के कारण यह जीत निश्चित हुई है। साथ ही कांग्रेस शासनकाल के 5 वर्षों में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जनता ऊब चुकी थी और विगत 15 वर्षों में डॉ. रमन सिंह के विकास के कार्यकाल को जनता ने बारीकी से देखा, समझा और जाना था, इसलिए इस बार जनता ने डबल इंजन की सरकार के साथ नगर निगम चुनाव में भाजपा को भारी जीत देकर छत्तीसगढ़ को फिर से संवारने का अवसर प्रदान किया है।

श्री राजपूत ने इस जीत के लिए नगर निगम चुनाव संयोजक अभिषेक सिंह का विशेष रूप से साधुवाद दिया है। उन्होंने अपनी पूरी क्षमता के साथ सभी वार्डों में जनसंपर्क कर सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया और प्रत्याशी मधुसूदन यादव की व्यक्तिगत लोकप्रियता का भी फायदा इस चुनाव में देखने को मिला है। श्री राजपूत ने चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संगठन के प्रति निष्ठा को श्रेय देते कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया है।

# सभी को अपने धर्म, समाज पर गर्व करना चाहिए

■ रगरा में भागवत कथा का वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अंचल के ग्राम रगरा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक नरेन्द्र नयन शास्त्री कथा का वाचन करते हुए लोगों को भागवत गीता के गूढ रहस्य से अवगत करा रहे हैं।

आयोजन के छठे दिन उन्होंने कहा कि गांव में साक्षात भगवान स्वरूप श्री मद भागवत पधारे है और सतत भगवान की चर्चा हो रही है। गोविंद नित नूतन लीला कर रहे है। सभी श्रद्धा से कथा श्रवण कर रहे है परन्तु जब आरती होती है तो केवल आयोजन समिति की ही आरती की थाली सजती है जो नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी से कथा पंडाल में अपने दीपक से आरती करने कहा। उन्होंने कहा कि आपका एक दीपक पूरे परिवार के जीवन को प्रकाशित करेगा।



उन्होंने दैनिक और सांसारिक जीवन में जीने की कला, कर्तव्य बोध पर कहा कि आपने घरों में पीढियों से विराजित देव, पितृदेव सहित गोविंद आपके साथ होते है परन्तु हम कभी उनकी प्रतिक्षा नहीं करते। प्रभु के नाम पर लीपना, चौक लगाना, संध्या दीपक जलाना, आरती करना आदि बंद हो गया है। उन्होंने सभी से रोज गोविंद की प्रतीक्षा में यह करने कहा। उन्होंने विभिन्न बाबाओं द्वारा सनातनी देवी देवताओ की प्रतिमा और फोटो लगाकर ढोंग करने पर कहा कि ईश्वर ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी के कहने पर पीढियों से पूजित देवताओं का घर से निकालना घोर पाप और नरक गामी है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने समाज, धर्म, संस्कार, संस्कृति और रीति रिवाज पर गर्व होना चाहिए।

# सूने घर का ताला तोड़ कर आभूषण की चोरी

**राजनांदगांव।** शहर के रिद्धी-सिद्धी कालोनी में स्थित एक सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस 3 मकान नंबर 44 का ताला तोड़कर अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और घर का सामान बिखराकर आलमारी में रखे एक नग सोने का नेकलेस, दो नग सोने कि एमएस चैन, एक नग सोने का झुमका, तीन सेट सोने का ईयर रिंग, एक नग सोने का लाकेट, चांदी की पायल को चोरी कर फरार हो गए। बताया गया कि घर के लोग प्रयागराज कुंभ गए हुए हैं। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी दिग्विजय साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

अवश्यकता है
अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन, कोपा)
योग्यता - बी.ई./डिप्लोमा/आई.टी.आई.
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
कमलादेवी प्रा. आई.टी.आई
पता- अंबागढ़ चौकी रोड, मोहड़, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801 ईमेल- kamladeviiti55@gmail.com

# कचरा निपटान प्रक्रिया में लाएं तेजी

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा कचरा निपटान का जायजा लेने सोमवार सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउंड पहुंचे और सभी मशीनें दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश मिशन क्लीन सिटी प्रभारी राजेश मिश्रा को दिए।

टेंचिंग ग्राउंड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आयुक्त विश्वकर्मा ने जायजा लेकर सभी मशीनें दुरूस्त कर एसएलआरएम सेंटरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर लें तथा टेचिंग ग्राउंड में लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा।

उन्होंने मिशन क्लीन सिटी प्रभारी श्री मिश्रा से कहा कि ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने अधिक से अधिक संसाधन का उपयोग कर कार्य करने निर्देशित करें। उन्होंने टेचिंग ग्राउंड के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जांच की और प्रतिदिन आने वाले गीला व सूखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेंटरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों, नालियों, मुक्कडों से निकलने वाले कचरा ही टेचिंग ग्राउंड में लाएं। उन्होंने खाद बनाने की प्रक्रिया देख गीला कचरा से अधिक से अधिक खाद बनाने के निर्देश दिए।



आयुक्त विश्वकर्मा ने कम्पोस्ट मशीन को सुधार करने तथा बेलींग मशीन की गति बढ़ाने कहा। इसके अलावा छन्नी मशीन के लिए शेड बनाने एवं एफएसटीपी के मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने की संभावना है। उसके पूर्व टेचिंग ग्राऊंड की सभी व्यवस्था दुरूस्त करें। सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# सीधे सरकारी नियुक्ति मिलने के बाद भी लापरवाही, डीईओ ने किया पदच्युत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सीधे नियुक्ति में भृत्य पद पर कार्यरत दो भृत्यों को डीईओ ने सेवा से बर्खास्त किया। आजाकवि द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियो से संबंधित आदेश के पालन में छुईखदान ब्लॉक के समुदंपानी निवासी भागीरथी धुर्वे को उ.मा.शा. बागुर और वहीं के ही रंजीत पिता मदन सिंह को उ.मा.शा. धोधा में पदस्थ किया गया था। एक जनवरी को संबंधित शाला में ज्वाईनिंग के बाद से भागीरथी धुर्वे बिना कारण बताए लगातार अनुपस्थित था। जबकि रंजीत सिंह 26 दिसंबर से गायब था।

शासन द्वारा सीधे नियुक्ति मिलने के बाद भी कार्य संपादन में एक माह से ज्यादा समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर प्रभावी कार्रवाई करने कहा गया था। संबंधित शालाओं के प्राचार्यों द्वारा मिले प्रतिवेदन और संबंधित कर्मचारियों द्वारा नोटिस का जवाब नहीं देने के चलते डीईओ लालजी द्विवेदी ने दोनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से पदच्युत कर दिया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजातियों पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार, अबुझमाडिय़ा, बिरहोर, भुजिया और पंडो जनजाति के पढ़े-लिखे युवकों को सीधे नियुक्ति देने का आदेश जारी किया था। जिसके तहत दोनों को तीन साल की परिवीक्षा अवधि पर पदांकित किया गया था, लेकिन शासन के नए आदेश जिसमें एक माह तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर प्रभावी कार्रवाई संबंधी आदेश के परिपालन को लेकर उक्त कारवाई की गई है। डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि संबंधित शाला प्राचार्यों द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन, नोटिस का समाधान कारक जवाब देने में अनिच्छा और विभागीय चेतावनी पत्र का प्रतिउत्त नहीं देने के कारण दोनों को छग सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण व नियंत्रण नियम 1960 के नियम 12 तहत पदच्युत किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

रिजर्वेशन यात्रा - 22 मार्च से 27 मार्च 2025, 8 मई से 13 मई2025, 29 मई से 3 जून 2025 (6 दिन)
श्री अयोध्या तीर्थयात्रा
प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या
राशि:-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 21,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव जंगलूराम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगलूराम यादव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री यादव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

# विधि प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने की रमन से मुलाकात

**राजनांदगांव।** भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव के लिए जिले में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जिला भाजपा विधि प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधि मंडल शहर प्रवास पर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर बधाईयां दी।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व शहर के अधिवक्ता विकास तिवारी कर रहे थे। जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार विकास तिवारी ने प्रतिनिधि मंडल के साथ डॉ. रमन सिंह से विधिक क्षेत्र में पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया व कहा कि पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन से लेकर उनकी जांच व बाद में चुनाव आयोग से आ रही शिकायतों के निराकरण में विधि प्रकोष्ठ ने अच्छी भूमिका का निर्वाह किया व हर समय पार्टी के चुनाव कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ के लोग मौजूद रहे।



डॉ. सिंह ने विधि प्रकोष्ठों के कार्यों की प्रशंसा करते कहा कि युवा वकीलों का एक दल चुनाव अभियान में हमेशा पार्टी के साथ रहा और चुनावी समस्याओं का बखूबी निराकरण भी किया। डॉ. सिंह ने प्रतिनिधि मंडल व उपस्थित सदस्यों को उनके कार्यों के लिए आभार माना। इस दौरान विकास तिवारी, सुधांशु जोशी, सुकलाल धारगावे, संतोष रजक, वैभव शुक्ला, शैलेन्द्र नागवंशी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

# ऑल इंडिया फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित

**राजनांदगांव।** रानी सूर्यमुखीदेवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप का फाइनल मैच के पश्चात रंगारंग पुरस्कार वितरण समारोह भव्य आतिशबाजी के साथ संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह, अंशुल बग्गा, सीएससी के अपेक्स काउंसिल सदस्य सतीश जैन एवं अजय पांडे, विक्की बग्गा एवं सीएससी के तरुणेश परिहार उपस्थित थे। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत सम्मान व स्मृति चिन्ह दानिश अली एवं सागर चितलांगिया द्वारा प्रदत अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

तत्पश्चात चैम्पियनशिप की सफलता के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दानिश अली द्वारा प्रदत्त स्मृति चिन्ह दीपक पटेल, अनीश राठौर, स्टेडियम प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, तीरथ गोस्वामी, संजय श्रीवास्तव, सुजीत द्विवेदी, दीपक अग्रवाल, तरण अरोड़ा, विक्रम बाजपेई, तरनदीप (प्रिंस), हिमांशु यादव, पिच क्यूरेटर सियाराम सिन्हा, मुकेश शर्मा, आकाश भंसाली, अंपायर मोहम्मद दाऊद, विशाल सिंघानिया, अभिनव शर्मा, स्कोर महेश दत्त मिश्रा, अंकुर सिंह, जयश्री साहू, ब्रॉडकास्टिंग टीम, समस्त कॉमेंटेटर एवं अन्य को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### प्रथम पुरस्कार

विजेता टीम को पांच लाख रुपए एवं आकर्षक ट्राफी स्व. गुलाबसिंह भाटिया स्मृति जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त सीएससी के डायरेक्टर विजय शाह द्वारा विजेता टीम छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को दिया गया।

### द्वितीय पुरस्कार

उप विजेता टीम को तीन लाख रुपए एवं आकर्षक ट्राफी स्व. अब्दुल अजीज अली स्मृति जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बहादुर अली द्वारा प्रदत्त अंजुम अल्वी द्वारा उड़ीसा क्रिकेट एसोसिएशन को दिया गया।



### सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

11000 रुपए स्व. आनंदी देवी एवं स्वर्गीय विनोदीलाल श्रीवास्तव की स्मृति में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नवीन श्रीवास्तव द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तेज गेंदबाज मयंक यादव को सर्वाधिक 10 विकेट लेने पर दिया गया।

### चैम्पियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

21000 रुपए सागर चितलांगया द्वारा प्रदत्त छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के ऑलराउंडर खिलाड़ी एवं शहर के लोकप्रिय अजय मंडल को 10 विकेट लेने एवं 58 रन बनाने पर दिया गया।

### मैन ऑफ द मैच

प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच 5000 स्व. महेंद्रसिंह बग्गा स्मृति जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य अंशु बग्गा द्वारा दिया गया। फाइनल में 11000 रुपए स्व. प्रहलाद अग्रवाल स्मृति जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य विकास अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के स्पिन गेंदबाज गगनदीप सिंह को दिया गया।

### अतिथियों को दिया स्मृति चिन्ह

खिलाड़ियों व अतिथियों को स्व. ताराचंद सिंगी स्मृति सिंगी परिवार डरुलस पेट फुडस दानिश अली एवं सागर चितलांगिया द्वारा स्मृति चिन्ह दिया गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने चैम्पियनशिप के सफल आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, आयुक्त सहित नगर पालिका निगम, सीएससी के सीईओ श्रीहरि गुंडपल्ली, सीएससी के मनीष सोनकर, सीएससी के ही सचिन टांक, युगांतर स्कूल परिवार सहित समस्त सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से जितेंद्र टांक एवं आनंद तलवार भी उपस्थित थे।

### सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

11000 रुपए स्व. कृष्ण कुमार तिवारी एवं स्वर्गीय मनीष तिवारी स्मृति जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य मनोज तिवारी एवं विकल्प तिवारी द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के बल्लेबाज शशांक रावत को सर्वाधिक 178 रन बनाने पर दिया गया।

### सारणीकरण की प्रक्रिया को बहुत गंभीरता से समझे: कलेक्टर वर्मा

# कलेक्टर ने किया मतदान केंद्र एवं टेबुलेशन प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम उड़ियाकला स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा विकासखंड मुख्यालय में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए आयोजित टेबुलेशन प्रशिक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए डाले गए मतों की गणना के बाद पीठासीन अधिकारियों से प्राप्त गणना पत्रकों का सारणीकरण कार्य अत्यंत गंभीरता से किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टेबुलेशन कार्य में संपूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। टेबुलेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता एवं सावधानी बरतनी होगी।

आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों को गंभीरता से समझे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में हुए मतदान के तहत कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को प्राप्त मतों का टेबुलेशन कार्य 19 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। इसके लिए कवर्धा विकासखंड का टेबुलेशन नई मंडी परिसर में तथा सहसपुर लोहारा विकासखंड का टेबुलेशन कार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। सारणीकरण पूर्ण होने के बाद निर्वाचित जनप्रतिनिधियों जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच को रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 के जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए भी विकासखंड स्तर पर टेबुलेशन कार्य संपन्न किया जाएगा।



#### निर्वाचन प्रक्रिया के लिए की गई विशेष तैयारियां

टेबुलेशन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक जनपद सदस्य क्षेत्र के आधार पर कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा विकासखंडों में 25-25 टेबल लगाए जाएंगे। जनपद सदस्यों का सारणीकरण पूर्ण होने के बाद उन्ही टेबलों पर जनपद क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायत के सरपंच सारणी करण किया जाएगा। इसी प्रकार पंच के लिए,10-10 ग्राम पंचायतों के लिए 1-1 टेबल निर्धारित किए गए हैं। पंच पद के लिए पृथक से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) नियुक्त किए गए हैं। टेबुलेशन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ), एक गणना प्रेक्षक और दो गणना सहायक नियुक्त किए जाएंगे।

#### 20 फरवरी को जिला पंचायत टेबुलेशन कार्य

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 क्षेत्र के लिए प्राप्त मतों की गणना का सारणीकरण कार्य विकासखंड स्तर के बाद 20 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय टेबुलेशन कार्य किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस दौरान संपूर्ण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा सके। जिला प्रशासन पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तत्पर है। इस संबंध में सभी स्तरों पर आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दी गई हैं, ताकि मतगणना और टेबुलेशन कार्य सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

# नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष के साथ पार्षदों ने श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

### चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा-हमारा शहर, हम सब मिलकर संवारेगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज वार्ड क्रमांक 15, 17, 19 एवं वार्ड क्रमांक 24 में अपने टीम के साथ मिलकर वार्डो में चल रहे साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किया। साफ-सफाई के दौरान उन्होनें वार्ड में जाकर वहां निवासरत परिवारों से मुलाकात कर कहा कि अपने चौक-चौराहों में कचरा ना फेके व अपने वार्ड को स्वच्छ व सुंदर वार्ड बनाने हेतु प्रयास करने की अपील की। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहर के शीतला मार्ग, करपात्री चौक, मिनीमाता चौक, खुंटू मार्ग, कुम्हार पारा में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेने पहुंचे। नपाध्यक्ष अपने कर्तव्य के दूसरे दिन भी साफ-सफाई को लेकर सजग दिखे। सुबह से ही अपने नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ वार्डो में निकल गये। उन्होनें कहा कि जिस विश्वास के साथ कवर्धावासियों ने मुझे कवर्धा शहर के प्रथम व्यक्ति के रूप में चुना है तो उस विश्वास को पूरा करते हुए मै पूरे शहर के नागरिकों व मतदाताओं के उम्मीदों पर खरा उतरने हर संभव प्रयास करूंगा एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर मूलभूत सुविधा प्रदान करना मेरा प्रथम कर्तव्य रहेगा।



#### सुधा वाटिका काली मंदिर योग समिति सदस्यों के साथ की मुलाकात

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सुधा वाटिका में वर्षो से अनवरत चल रहे योग समिति के सदस्यों से मुलाकात कर औपचारिक चर्चा की। काली मंदिर योग समिति के सदस्यों ने नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन करते हुए आत्मीय स्वागत किया। सदस्यों ने नपाध्यक्ष के समक्ष सुधा वाटिका के अधोरसंरचना विकास व अन्य मांगो को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। नपाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि आपके द्वारा सभी जायज मांगो को पूरा किया जायेगा। उन्होनें कहा कि शहर का विकास व लोगों को मूलभूत सुविधा प्रदान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है उन्होने सभी से कहा कि सुधा वाटिका में बुजुर्ग, बच्चे, युवा सहित सभी वर्ग के लोग यहां पहुंचते है जिसे ध्यान में रखते हुए कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ पार्षद रिंकेश वैष्णव, सुनील साहू, दुर्गेश अवस्थी, अजय ठाकुर, दीपक सिन्हा, अनिल साहू, हरीश साहू, हरीश कुंभकार, केशरी चंद सोनी, निलेश जैन, राजा टाटिया, जितेन्द्र वैष्णव, मुख्य पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे, उप अभियंता राजेश मिश्रा सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारीगण व वार्डवासीजन उपस्थित थे।

# लोकतंत्र का संगम: एक बूथ, चार धर्म, एक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत केसली के मतदान केंद्र क्रमांक 11 पर लोकतंत्र की एक अनूठी और प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली, जहां चार अलग-अलग धर्मों के अधिकारी संजय कुमार यादव (हिंदू), अब्दुल सईद खान (मुस्लिम), चरणजीत सिंह पाहुजा (सिख) और एल्विना विल्सन (ईसाई) एक साथ मतदान प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। यह दृश्य भारत की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी सौहार्द और भाईचारे का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। लोकतंत्र की इस महायात्रा में जब अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए लोग एकजुट होकर निष्पक्ष और सुचारू मतदान कराने के लिए तत्पर हैं, तो यह संदेश जाता है कि भारत की असली ताकत इसकी विविधता में एकता है। विशेष रूप से, इस दल में शामिल अब्दुल सईद खान, जो पूर्व सैनिक भी हैं। भूतपूर्व सैनिक से शासकीय शिक्षक बने अब्दुल सईद खान अपने राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को आगे बढ़ाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान दे रहे हैं। यह उदाहरण न केवल चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि जब बात लोकतंत्र और देश की सेवा की हो, तो सभी मतभेद पीछे छूट जाते हैं और केवल एक पहचान रह जाती है..हम भारतवासी हैं।





#### पंचायती संग्राम

त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने अपने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि चुनने के लिए बुथो में बहुचते रहे इस दौरान कई ऐसे बुजूर्ग भी दिखे जो काफी मुश्किल से मतदान केन्द्र तक पहुंचे पूरे चुनाव में युवाओं एवं महिलाओं का काफी उत्साह देखने को मिला।



विधायक भावना बोहरा ने लाइन में लगकर रणवीरपुर में किया मतदान

युवा भी समाने आये वोट डालने







गांवो में त्यौहार जैसा माहौल युवा और महिलाओं ने उत्साह के साथ किया मतदान



बुजुर्ग और अशक्तों ने भी निभायी अपनी जिम्मेदारी



### जो भरोसा दिया है उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें

# जनमत का सम्मान, पूरी निष्ठा से निभाएंगे विपक्ष धर्म: आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

पंडरिया नगर पालिका के अध्यक्ष पद से लेकर नगर के सभी 18 वार्डों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व नगर की जनता के साथ मिलकर पूरी मेहनत, लगन और निष्ठा से चुनाव लड़ा है। ये अलग विषय है कि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए। पंडरिया नगर की जनता ने जो जनमत दिया है उसे हम सहर्ष स्वीकार करते हैं और जनता के आदेश के तहत हम पंडरिया नगर पालिका में एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनहित व नगर हित में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे।

उक्त बातें पंडरिया नगर के कांग्रेस नेता आनंद सिंह ने नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहीं कि पंडरिया नगर के 18 वार्डों में से हमने 6 वार्डों में जीत दर्ज की है। इसके अलावा पंडरिया नगर पालिका से हमारी कांग्रेस अधिकृत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती राजिन गायकवाड़ ने नगर के कुल विधिमान्य 11846 मतों से 4011 मत हांसिल किए है। जबकि सत्ता पक्ष भाजपा के प्रत्याशी को 7344 मत प्राप्त हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक कार्यकर्ता होने के नाते मुझे गर्व है कि कांग्रेस पार्टी के अधिकृत अध्यक्ष पद तथा पार्षद पद के प्रत्याशियों को यह जनमत उनके कार्य, व्यवहार, कांग्रेस की नीति, रीति के दम पर मिला है। नगर के मतदाताओं ने यह जनमत हमें विपक्ष में रहते हुए स्वमेव दिया है। पंडरिया नगर में हमें यह जनमत मिला है तो नगर की देवतुल्य जनमानस के समक्ष हम नतमस्तक हैं और कांग्रेस पार्टी को मिले इस जनमत का सम्मान करते हुए एक सशक्त विपक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लेते हैं।

श्री सिंह ने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगरवासियों से जो वायदे किए है जो भरोसा दिया है उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें।



पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया मतदान



**कवर्धा।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को जिले में पहले चरण के लिए हुए मतदान में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी लोकतंत्र के महाकुंभ मं मत की आहूति दी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने गृह ग्राम रणवीरपुर बूथ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होने कहा कि उन्होने सेवा, सुशासन एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए लाईन में लग कर मतदान किया है। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप भी भागीदार बनकर अपने गांव-शहर को विकसित एवं समृद्ध बनाने में सहयोग करें। मतदान हमारा परमकर्तव्य है और इसको पूरा करने के लिए हम सब मिलकर मतदान जरूर करें।

### 97 वर्षीय अगसिया बाई मतदान के प्रति जागरूक



**कवर्धा।** ग्राम पंचायत धरमगढ़, विकासखंड लोहारा की 97 वर्षीय वृद्ध महिला अगसिया बाई, पति कन्हैया सिन्हा ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया। उम्र के इस पड़ाव पर चलने में असमर्थ अगसिया बाई ने व्हील चेयर में मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। उनके जोश और उत्साह ने सभी मतदाताओं को प्रेरित किया। मतदान केन्द्र पर पहुंचकर उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे यह संदेश गया कि हर नागरिक का वोट बहुमूल्य है।

### रिटर्निंग अफसर विवेक गोहिया ने किया मतदान



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के रिटर्निंग अफसर विवेक गोहिया ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग कर उन्होंने मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित किया। साथ ही, सभी नागरिकों से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। उन्होंने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की और इसे लोकतंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर बताया। उनके इस कदम से मतदान प्रक्रिया में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और भूमिका को और अधिक बल मिला है।

### मतदान के प्रति ग्रामीणों में दिखा भारी उत्साह



**कवर्धा।** जिले में 17 फरवरी को हुए पहले चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जनपद पंचायत लोहारा के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों में लंबी कतारें लग गईं, जहां नागरिक अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए तत्पर नजर आए। ग्राम महराटोला, विकासखंड सहसपुर लोहारा में महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। वे शांतिपूर्ण माहौल में कतारबद्ध होकर मतदान कर रही हैं, जिससे लोकतंत्र के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता स्पष्ट झलकती है। वहीं, मतदान केंद्र छीरबांधा सहित अन्य केंद्रों में भी मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है, और नागरिकों में लोकतंत्र के महापर्व का उल्लास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

**चुनाव:** तीन बजे तक कवर्धा तथा स.लोहारा विकासखंडों में 74.34 प्रतिशत मतदान दर्ज

# गांव की सरकार बनाने मतदान केन्द्रों में उमड़ी मतदाताओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले के दो विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 17 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के दोनों विकासखंड में दोपहर 03 बजे तक 74.34 प्रतिशत मतदान हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पहले चरण के निर्वाचन में विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 73.41 प्रतिशत, पुरुष 68.15 प्रतिशत, महिला 78.76 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 75.39 प्रतिशत पुरुष 72.43 प्रतिशत, महिला 78.53 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले पहले चरण के निर्वाचन में कुल 1 लाख 94 हजार 216 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 91 हजार 699 और महिला मतदाता 1 लाख 02 हजार 516 और 01 तृतीय लिंग शामिल है। कवर्धा विकासखंड में कुल 01 लाख 02 हजार 346 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 47 हजार 871 और महिला मतदाता 54 हजार 475 शामिल है। सहसपुर लोहारा में कुल 91 हजार 870 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 43 हजार 828, महिला मतदाता 48 हजार 41 और तृतीय लिंग के 01 मतदाता शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि सुबह 09 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 16.15 प्रतिशत, पुरुष 16.40 प्रतिशत, महिला 15.09 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 15.12 प्रतिशत पुरुष 15.41 प्रतिशत, महिला 14.82 प्रतिशत मतदान हुआ। 11 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 32.34 प्रतिशत, पुरुष 33.20 प्रतिशत, महिला-31.46 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 34.58 प्रतिशत पुरुष 33. 42 प्रतिशत, महिला 35.73 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 33.39 प्रतिशत रहा। दोपहर 01 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 53.84 प्रतिशत, पुरुष 54.22 प्रतिशत, महिला 53.46 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 55.74 प्रतिशत पुरुष 52.24 प्रतिशत, महिला 59.22 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 54.73 प्रतिशत रहा। दोपहर 03 बजे की स्थिति में कवर्धा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 73.41 प्रतिशत, पुरुष 68.15 प्रतिशत, महिला 78.76 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 75.39 प्रतिशत पुरुष 72.43 प्रतिशत, महिला 78.53 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 74.34 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट आने तक कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा विकासखण्ड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। लाइन लगी गई है, पर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है। निर्धारित 3 बजे तक अंदर आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान कराया जा रहा है। इसके बाद अंतिम रिपोर्ट मतदान की देर रात तक आने की संभावना है।

### शहर की अपेक्षा गांव की महिला वोटर ज्यादा जागरूक



सोमवार को जिले में हुए पहले चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में गत 11 फरवरी को हुए नगरीय निकाय चुनाव की अपेक्षा ग्रामीण महिलाएं मतदान को लेकर ज्यादा जागरूक दिखाई दी। आंकड़ों की माने तो नगरीय निकाय चुनाव में जिले के कुल साल नगरीय निकायों में डाले गए कुल 74.10 प्रतिशत वोट में पुरूष मतदाताओं की हिस्सेदारी 75.85 प्रतिशत थी जबकि महिला वोटरों की हिस्सेदारी 73.21 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं इसके विपरीत त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखण्ड कवर्धा में 17 फरवरी को हुए कुल 73.41 प्रतिशत मतदान में पुरूषों की हिस्सेदारी 68.15 प्रतिशत तथा महिलाओं की हिस्सेदारी 78.76 प्रतिशत रही। इसी प्रकार विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में हुए कुल 75.39 प्रतिशत मतदान में पुरूषों की हिस्सेदारी 72.43 प्रतिशत दर्ज की गई तो 78.53 प्रतिशत ग्रामीण महिला वोटरों ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## 17 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 16 फरवरी को मतदान सामाग्री वितरण में अनुपस्थित रहने वाले 17 अधिकारी-कर्मचारियों को जनपद पंचायत कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 24 एवं 25 का उल्लंघन माना गया है। सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 के साथ-साथ छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 में प्रदत शक्तियों के तहत अनुशासत्मक कार्यवाही की गई है। जारी आदेश में बताया गया है कि 17 फरवरी को निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को 16 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे आदर्श कृषि उपज मंडी समिति, बिलासपुर रोड, कवर्धा में मतदान सामाग्री लेने उपस्थित होना था, लेकिन निर्धारित तिथि पर वे अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए। इस अनुपस्थिति के कारण निर्वाचन कार्य में अवरोध उत्पन्न हुआ, जो छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 24 एवं 25 का उल्लंघन माना गया है। जिसके तहत शिक्षक गोपीचंद वर्मा, भूधर चंद्रवंशी, राजकुमार साहू, बंशीलाल बैगा, भगतराम धुर्वे, बीरशंकर सिंह, निर्मल कुमार धुरव, सगनुराम धुर्वे, अमरलाल धुर्वे, प्रेमलता बिसेन, सुमेरी सिंह तिलगाम, धनुकलाल वर्मा, रघुनाथ चंद्रवंशी, राजु कुमार पाटिल, आजुराम बैगा, गेंदलाल बघेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धर्मराज चंद्रवंशी को को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस प्राप्ति के तुरंत बाद स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## नपं स. लोहारा के तीन निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल

- उपमुख्मंत्री विजय शर्मा ने पार्षदों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में नगरीय निकाय चुनाव का जनमत सामने आने के महज कुछ घंटे बाद ही नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से जीतकर आए तीन निर्दलीय पार्षदों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया। श्री शर्मा ने विधिवत इन नव निवार्चित पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और पार्टी में स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शनिवार को कबीरधाम जिले के सभी 7 निकाय में हुए चुनाव के परिणाम आए है। जिले के सभी निकाय में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं कुछ निकायों में पार्षद प्रत्याशी के पद पर निर्दलीय भी जीते है। ऐसे में चुनाव जीतने के दूसरे दिन रविवार को ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। रविवार को सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के निर्दलीय प्रत्याशी को डिप्टी सीएम व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने भाजपा में प्रवेश कराया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा की उपस्थिति में सहसपुर लोहारा के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद झामीन मुकेश साहू, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद सुमित्रा टंडन तथा वार्ड क्रमांकपांच के पार्षद मूलसिंह टंडन भाजपा में शामिल हो गए है। इस नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है, ज्यादातर वार्ड में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जीते है। इसी प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के संतोष मिश्रा ने जीत दर्ज की है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज बोड़ला क्षेत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा मंगलवार 18 फरवरी को एक दिवसीय जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दोपहर 11.30 बजे विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम तेलीटोला, दोपहर 12.30 बजे खारा, दोपहर 2.00 बजे रेंगाखार, दोपहर 03.30 बजे ग्राम समनापुर, शाम 5.00 ग्राम झलमला, शाम 6.30 बजे ग्राम चिल्फीघाटी, रात 8.00 बजे नेऊरगांवकला, रात 9.00 बजे ग्राम पोड़ी को दौरा करेंगे। रात 10.00 बजे पोंड़ी से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। माना जा रहा है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने प्रवेशी के दौरान जिले के विकासखण्ड कवर्धा तथा बोड़ला में दूसरे चरण के तहत होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा समर्पित व भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। जिसे लेकर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां की जा रही है।

## टीचर्स ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने गृह ग्राम परसवारा में किया मतदान



**कवर्धा।** लोकतंत्र में जनता को अपने सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। हमारे देश में निर्वाचन की एक खूबसूरती यह है कि हर नागरिक का मतमूल्य बराबर रखा गया है, चाहे देश व राज्य की सरकार हो या फिर त्रि-स्तरीय पंचायती राज की सरकार हो। देश के प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा किया जाता है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इसी के तहत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्रवंशी ने कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित गृहग्राम परसवारा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय पंचायती राज अधिनियम लागू होने बाद 1994 में पहली बार पंचायत चुनाव में मतदान किया था, तब से लेकर सन 2025 में सातवीं बार मतदान किया। इसके पहले लोकसभा में दस बार एवं विधानसभा में आठ बार मतदान कर चुके हैं। मतदाता सूची नाम आने के बाद सभी चुनाओं में मतदान किए हैं। लोकसभा, विधानसभा व पंचायत को मिलाकर अब तक कुल पच्चीस बार मतदान कर चुके हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों-अधिकारियों एवं नागरिकों से मतदान करने की अपील किया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्रवंशी ने बताया जिले में आगामी 20 फरवरी को दूसरे चरण का मतदान होगा, जिसमें बोड़ला व पंडरिया ब्लॉक शामिल है। इस चरण के मतदान दल में ऐसे कई शिक्षकों व कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिनका नाम पंडरिया व बोड़ला ब्लॉक के मतदाता सूची में है। अतः ऐसे शिक्षकों व कर्मचारियों को मतदान दल से मुक्त किया जावे, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वार्षिक ए सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित



**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वार्षिक ए सर्टिफिकेट हेतु परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। यह परीक्षा स्कूल शिक्षा के कक्षा बारहवीं के छात्र जो 2 वर्ष अर्थात 240 घंटे से ज्यादा स्वयंसेवक के रूप में कार्य करते हैं तथा शिक्षा के साथ समाज में गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सरोकार ,चिकित्सा, स्वच्छता एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूर्ण करने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए देश के प्रति अपनी कर्तव्य का निर्वहन करते हैं तब इसके साथ ही किए गए कार्यों को राष्ट्रीय सेवा योजना के डायरी में अंकित करते चलते हैं ।सत्रांत में ए सर्टिफिकेट हेतु परीक्षा का आयोजन एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाता है इस परीक्षा में लगभग 35 स्वयंसेवा के ने हिस्सा लिया मौखिक साक्षात्कार के लिए वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम अधिकारी सुजीत कुमार गुप्ता ने बताया की स्वयंसेवक सात दिवसीय विशेष शिविर में अपनी सहभागिता देते हुए स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पौष्टिक आहार, शिक्षा एवं प्राथमिक उपचार, साक्षरता संबंधी, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना, विभिन्न प्रकार के अवेयरनेस सभी में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुयोग्य नागरिकता की ओर अपना कदम बढ़ाते हैं समाज सेवा के साथ अपने व्यक्तित्व का विकास यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है।

**वार्ड क्रमांक 13 के कांग्रेस अधिकृत वार्ड प्रत्याशी को मिले मात्र दो वोट, चर्चा का विषय**

## नगर पंचायत बोड़ला में अपनो के वोट से ही वंचित रहे कांग्रेस के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला




जिले की नगर पंचायत में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी विजय पाटिल ने बड़ी जीत हासिल की है तो दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस मात्र दो वार्डो में सिमट कर रह गई। नगर पंचायत बोड़ला के दो वार्डो में निर्दलीयों ने अपना जलवा दिखाया है। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 01 और 13 में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे तो वहीं वार्ड क्रमांक 02 और 04 में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना कब्जा जमाया है। इन सब के बीच लोगों में मतगणना के बाद से ही नगर का वार्ड क्रमांक 13 चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां कांग्रेस मतदाता व कार्यकर्ता गायब रहे। बताया जाता है कि नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 13 में लगभग 168 वोट डाले गए हैं। जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी को 113 तो भाजपा को 53 वोट मिले है। वहीं राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को इस वार्ड से सिर्फ 02 वोट प्राप्त हुए हैं। जिसमें एक वोट तो स्वयं प्रत्याशी का होगा वहीं एक अन्य किसी का होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वार्ड क्रमांक के कांग्रेस अधिकृत पार्षद पद के प्रत्याशी का अपनो ने ही साथ नहीं दिया। जबकि कहा तो ये भी जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 13 में कुछ ऐसे लोग निवासरत है जो अपने आपको कट्टर कांग्रेसी मानते हैं और खुले मंच पर अपने आप को कांग्रेस पार्टी का सच्चा व वफादार सिपाही बताकर ताल ठोंकते नजर आते है। ऐसे में नगरवासियों के बीच इसी विषय को लेकर चर्चा है कि इस बार इन कट्टर कांग्रेसियों ने कांग्रेस पार्टी के पार्षद प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी के पक्ष में मतदान क्यों नही किया? या फिर इन्होने मतदान इसलिए नहीं किया क्योंकि वे भाजपा को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 से हराना चाहते थे। जिसके परिणाम स्वरूप इस वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिल गई। बहरहाल जो भी हो लेकिन माना जा रहा है कि नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 13 में हम तो डूबेंगे तुम्हे भी ले डूबेंगे वाला खेल खेला गया है।

## दूसरे चरण का पंचायत चुनाव 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दूसरे चरण का निर्वाचन 20 फरवरी को हो होगा। इसके अन्तर्गत पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक निर्वाचन होगा। साथ जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के 6 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों (09, 10, 11, 12, 13 और 14) में मतदान होगा। इसमें कुल 33 अभ्यर्थी निर्वाचन मैदान पर है। इन क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में 508 मतदान केंद्रों पर 2, 57, 821 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है। रिटर्निंग अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि दोनों विकासखंड अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसमें कुल 2 लाख 57 हजार 821 मतदाता और 508 मतदान केन्द्र है। इन दोनो विकासखंड अंतर्गत जिला सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों में 33 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 44 हजार 29 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 36 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 31 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 26 है। इन ग्राम पंचायतों में 40 हजार 325 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 7 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 12 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 34 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 337 मतदाता और मतदान केन्द्र 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 8 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 13 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 30 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 587 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 14 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 42 है। इन ग्राम पंचायतों में 47 हजार 512 मतदाता और मतदान केन्द्र 98 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 6 अभ्यर्थी है।